Email ID ad@yahoo.in
CUG Mob. :- 9473942636

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सुहाग नगर, फिरोजाबाद।

पत्रांक:– 2263 / जल जीवनमिशन / 2016 दिनांक 08.12.2025

ई–मेल
8.12.25

सेवा में,
मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **जन प्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की अध्यक्षता में दिनांक 28.11.2025 को संपन्न हुई समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त में उल्लिखित बिंदु संख्या–11 के अनुपालन में, जल जीवन मिशन (फेज–4) सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना की अद्यतन प्रगति से श्री प्रेमपाल सिंह धनगर, माननीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र–टूण्डला, जनपद फिरोजाबाद से समय प्राप्त करते हुये दिनांक 07.12.2025 को बैठक उनके आवास पर आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता/अवर अभियंता, फर्म प्रतिनिधि मै० एन.सी.सी. लिमिटेड, मै० लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड एवं मै० दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा० लि० उपस्थित रहे।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनांतर्गत प्रस्तावित समस्त कार्यों को फ्लो–डायग्राम एवं जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग के माध्यम से विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुये, अवगत कराया गया कि जनपद फिरोजाबाद जल जीवन मिशन (फेज–4) के अंतर्गत चयनित है, जिस हेतु दो पैकेज स्वीकृत है :– पैकेज–01, जिसकी स्वीकृत लागत ₹ 869.66 करोड़ तथा पैकेज–02, जिसकी स्वीकृत लागत ₹1165.46 करोड़ है। इस प्रकार योजना की कुल स्वीकृत लागत ₹2035.12 करोड़ है।

अवगत कराया गया कि योजना का कच्चे जल का स्रोत लोअर गंगा कैनाल है। उक्त स्रोत से जल प्राप्त कर WTP के माध्यम से शोधित करते हुए क्लीयर वाटर राइजिंग मेन, MIBPS, IBPS, अवर जलाशयों एवं वितरण प्रणाली के माध्यम से जनपद फिरोजाबाद एवं आगरा के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों को **"हर घर नल से जल"** उपलब्ध कराया जाना है। बैठक में मा० विधायक जी को पूर्वनिर्मित योजनाओं के संचालन एवं रख–रखाव हेतु चयनित मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा किए जा

Scanned with OKEN Scanner

रहे कार्यों से भी अवगत कराया गया। फर्म द्वारा वर्तमान में 57 नग आंशिक क्रियाशील योजनाओं का संचालन किया जा रहा है तथा शेष 29 नग अक्रियाशील योजनाओं को क्रियाशील बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। अतिरिक्त रूप से, 86 समस्त योजनाओं के पूर्ण दक्ष संचालन हेतु प्राक्कलन मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके है।

मा० विधायक जी द्वारा लाभान्वित जनसंख्या एवं कार्यो की वर्तमान भौतिक प्रगति के संबंध में जानकारी चाही गई। पैकेज–01 के अंतर्गत मै० एन.सी.सी. लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में बताया गया अवगत कराया गया कि इनटेक/ऑफटेक क्षमता 586 MLD तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता 456 MLD है, जिसका निर्माण ग्राम भड़ेहरा, परगना मारहरा, तहसील एटा, जनपद एटा में प्रगतिशील है। इस योजना से जनपद फिरोजाबाद के 780 राजस्व ग्रामों की 19,31,000 तथा जनपद आगरा के 902 राजस्व ग्रामों की 29,95,770 पर इस प्रकार कुल 49,26,770 जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। संपूर्ण कार्यों की वर्तमान भौतिक प्रगति लगभग 59 प्रतिशत है।

पैकेज–02 के अंतर्गत मै० लार्सन एण्ड टूब्रो द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में बताया गया कि 8 IBPS पर कार्य प्रगति पर है, जिनकी औसत प्रगति 65 प्रतिशत है। 249 अवर जलाशयों में से 235 अवर जलाशयों के कार्य लगभग 35 प्रतिशत है एवं 5425 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 3310 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पैकेज–2 की कुल प्रगति 58 प्रतिशत है। इस पर मा० विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि मशीनरी एवं मानव संसाधन में वृद्धि कर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

धीमी प्रगति के संबंध में मा० विधायक जी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं मै० एन.सी.सी. लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो से प्रतिउत्तर चाहा गया। मै० एन.सी.सी. के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि समयानुसार भुगतान प्राप्त न होने के कारण अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं हो सकी। इस पर मा० विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यों को लक्षित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए तथा भुगतान संबंधी विषय पर वे स्वयं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से संवाद स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु आश्वस्त किया गया। उन्होंने फर्मों को मैनपावर बढ़ाकर कार्य तीव्र गति से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

अंत में मा० विधायक जी द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान काटी गई सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाया जाए तथा गुणवत्तापूर्ण सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि समस्त फर्में कार्य की लक्षित प्रगति निरंतर बनाए रखें, जिससे माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय प्रधानमंत्री की महत्त्वाकांक्षी योजना समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना सम्भव हो सके।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार सिंह)
OK अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 2263 / / 286 दिनांक 8.12.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– श्री प्रेमपाल सिंह धनगर, मा0 विधायक, विधानसभा क्षेत्र–टूण्डला, जनपद फिरोजाबाद।
2– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
5– अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
6– परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
7– परियोजना प्रबन्धक, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
8– परियोजना प्रबन्धक, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, फिरोजाबाद।

OK अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner